# 3 ज़रा मुस्कराइए



K8I4K7

जीवन में हास्य का बहुत ही महत्त्व है। हास्य जीवन के दु:ख को भुलाकर नई उमंग भर देता है। हँसने से हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

आइए! कुछ ऐसे चुटकुले पढ़ें कि जो आपको मुस्कुराने के लिए मजबूर करेंगे।

- **मालिक (किराएदार से) :** तुम मुझे किराया क्यों नहीं देते?
  **किराएदार :** आपने ही तो कहा था, इसे अपना ही घर समझना।
- सोनू का सिर फट गया। **डॉक्टर (सोनू से) :** यह कैसे हुआ?
  **सोनू (डॉक्टर से) :** मैं पत्थर से कील ठोक रहा था। एक आदमी ने मुझसे कहा गधे, कभी खोपड़ी का भी इस्तेमाल कर लिया कर।




- 

- **मुन्ना :** पापा, कल मैंने रात के डेढ़ बजे तक पढ़ाई की।
  **पिता :** शाबाश बेटे, लेकिन रात को ग्यारह बजे के बाद तो सारे मोहल्ले की लाइट चली गई थी।
  **मुन्ना :** सच! मैं तो पढ़ने में इतना मगन था कि, मुझे पता ही नहीं चला।

- 


M1R5B9

## अभ्यास

**प्रश्न 1. सामयिकों, अखबारों में से चुटकुले पढ़िए और कक्षा में सुनाइए। आपने जो चुटकुले सुने या पढ़े हों उन्हें लिखिए।**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित परिच्छेद में से मुहावरे ढूँढ़िए और उनके अर्थ देकर वाक्य-प्रयोग कीजिए :**

रमेश पढ़ाई में होशियार लड़का है, इसलिए रमेश पिताजी की आँखों का तारा है। इस साल रमेश ने कमर कसके परीक्षा की तैयारी की थी। जब वह परीक्षा देने गया तो उसका ईद का चाँद मित्र महेश का नंबर भी उसके नज़दीक था। महेश आस्तीन का साँप निकला और वह अध्यापक की नज़र चुरा के रमेश की कापी में से नकल कर रहा था। उस वक्त अध्यापक ने देखा और वे आग बबूला हो गये।

**प्रश्न 3. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए :**

(1) मेरे <u>दादाजी</u> यात्रा पर गये हैं।
(2) एक <u>आदमी</u> ने मुझसे कहा।
(3) <u>लेखक</u> कहानी लिख रहा है।
(4) मेरी <u>मालकिन</u> का स्वभाव बहुत अच्छा है।
(5) बारिश को देखकर <u>मोर</u> नाचने लगा।
(6) जंगल में <u>शेर</u> दहाड़ रहा है।
(7) <u>सेठ</u> दुकान में बैठे हैं।
(8) <u>अध्यापक</u> पढ़ रहे है।
(9) <u>पंडित</u> रामायण सुनाने लगे।
(10) <u>लड़का</u> दुकान के पास खड़ा है।

**प्रश्न 4. उदाहरण के अनुसार शब्द का चार-चार वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

जैसे : घर - मेरा घर सूरत में है।
- मुझे अपना घर बहुत पसंद है।
- मेरे घर में तीन कमरे हैं।
- मैं अपना घर साफ रखता हूँ।

(1) बाग (2) नदी (3) दोस्त (4) पसंद (5) कहानी

**प्रश्न 5. कहावतों के अर्थ दिए गए हैं, कक्षा में उदाहरण देकर चर्चा कीजिए :**

(1) अक्ल बड़ी या भैंस - शरीर बड़ा होने की अपेक्षा अक्ल बड़ी होती है।

(2) आसमान से गिरा खजूर में अटका - एक के बाद एक विपत्ति में फँसना।

(3) आये थे हरि भजन को ओटन लगे कपास - अच्छा काम छोड़कर महत्त्वहीन काम में लग जाना।

(4) जो गरजते हैं वो बरसते नहीं - जो डींग मारते हैं, वे काम नहीं करते।

(5) जैसी करनी वैसी भरनी - जो जैसा करते हैं उसे उसीके अनुसार फल भुगतना पड़ता है।

## योग्यता विस्तार

- ''ठहाका मारकर हँसो और सौ साल जिओ'' कैसे? कक्षा में इस वाक्य पर चर्चा कीजिए।
- आकाशवाणी (रेडियो), दूरदर्शन एवं प्रसार माध्यमों से चुटकुले एवं हास्य कार्यक्रम सुनिए और देखिए।
- पाठशाला में प्राप्य सामयिक, अखबार में से चुटकुले खोजकर संग्रह कीजिए।
- हास्य कलाकारों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।